हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–83 : जौनपुर, गुरुवार 24 नवम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## कुंभ के प्रस्तावों पर आज लगेगी मुहर : संगम नगरी में चार घंटे रहेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

प्रयागराज ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को शहर में होंगे। करीब चार घंटे के कार्यक्रम के दौरान वह परेड मैदान में प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। साथ में करीब 1300 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर करीब पौने दो बजे हेलीकॉप्टर से सीधे परेड मैदान पहुंचेंगे। दिन में दो से साढ़े तीन बजे के बीच सम्मेलन को संबोधित करेंगे एवं विकास कार्यों की आधारशिला रखेंगे। आवास, स्व निधि एवं एक जिला एक उत्पाद योजना के 20 लाभार्थियों को प्रमाणपत्र एवं चाबी भी सौंपेंगे। पौने चार बजे तक उनका जन प्रतिनिधियों से मुलाकात का कार्यक्रम है। इसके बाद दिन में चार से छह बजे के बीच कुंभ एवं माघ मेला की तैयारियों की समीक्षा बैठक करेंगे। इसमें कुंभ के कई प्रस्तावों पर मुहर लगने की उम्मीद है। इसी के साथ कुंभ की तैयारियों की औपचारिक शुरुआत भी होगी। बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, जितिन प्रसाद, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, नगर विकास प्रमुख सचिव अमृत अभिजात, कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद समेत कई मंत्री एवं अफसर मौजूद रहेंगे। करीब




1300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का होगा लोकार्पण– शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को करीब 1300 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इन विकास कार्यों की सूची के साथ अन्य तैयारी भी कर ली गई है। मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक के मद्देनजर कुंभ एवं माघ मेला के प्रस्तावों पर भी देर रात तक मंथन होता रहा। मंडलायुक्त, डीएम, एसएसपी समेत अन्य अफसर देर रात तक मेला क्षेत्र में ही डटे रहे।

## चिह्नित किए 62 अपराधी : ढाई हजार करोड़ की संपत्ति जब्त : दो को फांसी समेत 41 को सजा

लखनऊ ब्यूरो : माफिया के आर्थिक साम्राज्य को ध्वस्त करने के लिए गठित की गई एंटी माफिया टास्क फोर्स ने अब तक 62 अपराधियों को चिह्नित कर उनसे ढाई हजार करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। इनमें से 41 को अभियान चलाकर सजा भी दिलाई गई है। नौ की मुठभेड़ में मौत भी हुई है। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि एंटी माफिया टास्क फोर्स का गठन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर किया गया था। इसका परिणाम यह हुआ कि अब तक 21 मुकदमों में 12 माफि या व उनके 29 सहयोगियों को सजा दिलाई जा चुकी है। इनमें दो अपराधियों को मृत्युदंड की सजा भी शामिल है। अब तक चिह्नित किए गए अपराधियों की 2524 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई है या ध्वस्त की गई है। 70 अपराधियों को जिला बदर, 24 की जमानत निरस्तीकरण और 311 की हिस्ट्रीशीट खोली गई। जबकि 318 के शस्त्र लाइसेंस निरस्त




कराए जा चुके हैं। प्रशांत कुमार ने बताया कि इस वर्ष अब तक मुख्तार अंसारी से जुड़े सात मामलों में चार्ज फ्रेमिंग की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा आकाश जाट, कुंतू सिंह, मुनीर, योगेश भदौड़ा, सुंदर भाटी, अमित कसाना, एजाज, अजीत सिंह, विजय मिश्रा, अनिल दुजाना से संबंधित अपराधियों को अलग–अलग मामलों में दंडित कराया गया है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## नौ दिसंबर तक वोटर बनने का एक और मौका : ऐसे करें आवेदन

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर–फैजाबाद खंड स्नातक (एमएलसी) निर्वाचन क्षेत्र से मतदाता बनने के लिए एक और मौका है। बुधवार को मतदाता सूची के ड्राफ्ट प्रकाशन के साथ मतदाता बनाने का काम फिर शुरू हो गया। नौ दिसंबर तक आवेदन लिए जाएंगे। 30 दिसंबर को मतदाता सूची का अंतिम



प्रकाशन होगा। एक अक्तूबर 2022 से नए सिरे से तैयार की जा रही मतदाता सूची के लिए निर्वाचन क्षेत्र के सभी 17 जिलों से वोटर बनने के लिए कुल दो लाख 20 हजार 915 आवेदन आए थे। इनमें से 1 लाख 98 हजार 611 आवेदनों को स्वीकृति मिली थी। 3,339 आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिए गए थे। गोरखपुर में सर्वाधिक 44,260 लोगों ने वोटर बनने के लिए आवेदन किया था जिसमें से 43,853 आवेदन स्वीकृत हुए थे। कुल स्वीकृत आवेदनों में से पुरुषों के आवेदनों की संख्या एक लाख 39 हजार 236 है जबकि महिलाओं के आवेदनों की संख्या 72, 234 है। वोटर बनने के लिए सबसे ज्यादा जागरूकता भी गोरखपुर की ही महिलाओं ने दिखाई । यहां 44,260 आवेदनों में से 28,431 पुरुष और 15,422 महिला वोटरों के आवेदन पत्र स्वीकृत हुए हैं। यहां कुल 407 आवेदनपत्र अस्वीकृत किए गए हैं। गोरखपुर–फैजाबाद खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के तहत पांच मंडल गोरखपुर, बस्ती, आजमगढ़, फैजाबाद और देवीपाटन मंडल के 17 जिलों के स्नातक वोटर मतदान कर सकेंगे। एक नवंबर 2022 से तीन साल पूर्व स्नातक की डिग्री हासिल करने वाले ही मतदाता बन सकेंगे। आवेदन भरकर संबंधित तहसील कार्यालय में जमा करना होगा।

## गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्थापित होगा इंटरनेशनल एग्रीकल्चर रिसर्च सेंटर : शोधार्थी करेंगे शोध

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर विश्वविद्यालय के कृषि एवं प्राकृतिक विज्ञान संस्थान में कंसोरिटियम ऑफ इंटरनेशनल एग्रीकल्चर रिसर्च सेंटर (जीसीआईएआर) स्थापित होगा। इससे पूर्वांचल में गेहूं, मक्का एवं धान की उन्नत किस्म के बीजों का विकास होगा और साथ ही विद्यार्थियों को शोध क्षेत्र में व्यापक अनुभव होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में कृषि वैज्ञानिकों ने रिसर्च सेंटर की स्थापना के लिए सहमति जताई। बैठक में कृषि संस्थान गोरखपुर विश्वविद्यालय के रिसर्च सेंटर की स्थापना संबंधित विषय पर वार्ता हुई। अधिकारियों एवं वैज्ञानिक ने विश्वविद्यालय के कृषि संस्थान में इस केंद्र की स्थापना पर सहमति व्यक्त की। कुलपति प्रो. राजेश सिंह ने कहा कि रिसर्च सेंटर में गेहूं, मक्का एवं धान की प्रगतिशील किस्मों का विकास किया जाएगा। इससे किसानों की आय को दोगुना करने में सहयोग मिलेगा। बैठक के बाद वैज्ञानिकों को बायोटेक्नोलॉजी विभाग एवं कृषि संस्थान का भ्रमण भी कराया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान



परिषद, लखनऊ के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह, इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट के डॉ. विकास सिंह, रीजनल मक्का ब्रीड कोऑर्डिनेटर डॉ. बीएस विवेक, आईसीआरआईएसएटी हैदराबाद के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पीएस जैदी, गोविवि कृषि संस्थान के निदेशक डॉ. जीपी राव, अधिष्ठाता विज्ञान संकाय प्रो. अजय सिंह आदि शामिल रहे।

## यूपी में सक्रिय है कैंसर की नकली दवा बेचने वाला अंतर्राज्यीय गिरोह : नेटवर्क तोड़ने में जुटा प्रशासन

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में कैंसर रोधी और विटामिन की नकली दवाओं के कारोबार का जाल फैला है। इसमें अंतर्राज्यीय गिरोह शामिल है। यह गिरोह दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल सहित अन्य राज्यों से दवाएं लाता है। इसे नए रैपर में पैक करके उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आपूर्ति कर रहा है। इसमें आगरा के कई व्यापारी शामिल हैं। प्रदेश में करीब 25 करोड़ रुपये का एंटी कैंसर दवाओं का कारोबार है। ये दवाएं महंगी होती हैं। कीमोथेरेपी में प्रयोग होने वाली दवा की एक डोज करीब 10 से 30 हजार के बीच होती है। ऐसे में यह गिरोह नामचीन कंपनियों के रैपर का सहारा लेता है। वे नकली अथवा अधोमानक दवाओं को नामचीन कंपनी के पैकेट में पैक करके अस्पतालों के आसपास स्थित मेडिकल स्टोर तक पहुंचाते हैं। फिर मेडिकल स्टोर के एजेंट मरीजों तक पहुंचाते हैं। सस्ती दवा का झांसी देकर रसीद भी नहीं देते हैं। सूत्रों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग को सुराग मिला है कि दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में तैयार होने वाली नकली व अधोमानक दवाएं गाजियाबाद, आगरा और लखनऊ के जरिए पूरे प्रदेश के मेडिकल स्टोर पर पहुंच रही हैं। इसमें ज्यादातर एंटी कैंसर की दवाएं हैं। कुछ हार्ट, किडनी व लिवर के मरीजों से जुड़ी दवाएं भी हैं। विभाग के आला अफसरों ने इस नेटवर्क को तोड़ने के लिए रणनीति बनाई गई है। सभी ड्रग इंस्पेक्टरों को निर्देश दिया है कि सप्ताह में कम से कम दो दिन अलग–अलग इलाके के स्टोर की दवाएं जांची जाएं। संबंधित दवा के बिल व वाउचर का मिलान किया जाए। जिस दुकान पर बिना बिल की दवाएं मिले, उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई करें। संबंधित मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निरस्त करने की भी



कार्रवाई की जाएं। लखनऊ, कानपुर, आगरा, गोरखपुर सहित जहां सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं से जुड़े अस्पताल हैं। वहां विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। गाजियाबाद और हिमाचल से भी मिला सुराग गाजियाबाद के ट्रानिका सिटी में 11 नवंबर को पकड़े गए लोगों से भी एफएसडीए को दवा आपूर्ति के ठिकानों की जानकारी मिली है। यहां करीब पांच करोड़ की दवाएं पकड़ी गई थीं। मौके पर बांग्लादेश, यूएसए, कंबोडिया में बनी दवाएं और नकली रैपर बनाने वाली मशीन मिली थी। इस कारोबार में डॉक्टर और इंजीनियर भी शामिल थे। पूछताछ में आगरा, लखनऊ के कारोबारी के यहां दवाएं भेजवाने की बात सामने आई है। इसी तरह हिमाचल के बद्दी में पकड़ी गई बिना लाइसेंस के विटामिन बनाने वाले कारखाने से आगरा के व्यापारी के यहां दवाओं की आपूर्ति होने की बात सामने आई है। एफएसडीए की टीम आगरा निवासी व्यापारी की तलाश में जुटी है। हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों से मिले इनपुट के आधार पर निगरानी की जा रही है। हर जिले में टीम सक्रिय है। बिना बिल दवा बेचने पर रोक है। मरीजों से अपील है कि दवा खरीदते समय बिल जरूर लें। गाजियाबाद में पकड़ी गई दवा का सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद संबंधित बैच को बैन किया जाएगा। –एके जैन, उप आयुक्त ड्रग, एफएसडीए

## हेलमेट लगाओगे तो गुलाब की तरह खिलेगी जिंदगी : एसएसपी ने बांटे हेलमेट और गुलाब

मुजफ्फरनगर ब्यूरो : मुजफ्फरनगर में हेलमेट के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए एसएसपी विनीत जायसवाल ने जागरूकता अभियान चलाया। वह खुद सड़क पर उतरे, दुपहिया वाहन चालकों को रोककर हेलमेट, गुलाब और प्रमाण पत्र दिए। उन्होंने कहा कि हेलमेट जिंदगी बचाने का कार्य करता है। दुपहिया वाहन पर हमेशा हेलमेट पहनकर निकलें।



बृहस्पतिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल पुलिस टीम के साथ विश्वकर्मा चौक पर पहुंचे। यहां कैंप लगाकर सुरक्षित परिवहन के लिए जागरूक किया। बिना हेलमेट चलने वाले दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही हेलमेट लगाकर चलने वाले दुपहिया वाहन चालकों को प्रशस्ति पत्र और गुलाब का फूल भेंट कर सुरक्षित परिवहन के लिए प्रोत्साहित किया गया। एसएसपी ने कहा कि वर्तमान में यातायात नियमों की अनदेखी के कारण सड़कों पर प्रतिदिन होने वाले हादसों में जनहानि हो रही है, जिसमें इन हादसों से हम अपना बचाव कर सकते हैं। यदि हम यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित सफर के लिए जागरूक बनें। यातायात पुलिस की ओर से यातायात माह में प्रतिदिन यातायात नियमों के प्रति व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के साथ साथ सघन चेंकिग अभियान चलाकर काली फिल्म, बिना सीट बेल्ट, तीन सवारी मोटरसाइकिल, बिना हेलमेट और नो एंट्री का पालन न करने वाले वाहनों, वाहन चालकों के विरूद्ध एमवी एक्ट के तहत कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

## सहारनपुर में आयकर विभाग का पांच व्यापारियों के यहां छापा : 10 से ज्यादा गाड़ियों में एक साथ पहुंची टीम

सहारनपुर ब्यूरो : आयकर विभाग की टीम ने देहरादून, ऋषिकेश ,दिल्ली व सहारनपुर के प्रॉपर्टी डीलर के तीन दर्जन से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की है। मिली जानकारी के मुताबिक देहरादून के प्रॉपर्टी डीलर मंजीत जौहर, राज लुम्बा, मेहता ब्रदर्स, नट्स भाटिया,नवीन कुमार मित्तल व भू माफिया मितिन गुप्ता के ठिकानों व घरों पर रेड जारी है। वहीं सहारनपुर में टीम ने पांच व्यापारियों के यहां छापा मारा है। 10 गाड़ियों में पहुंची आयकर विभाग की टीम अभी मौके पर ही मौजूद है। टीम ने पांच जगहों पर मारा आयकर विभाग गाजियाबाद की टीम ने महानगर में तीन शहद व्यापारियों और एक सराफा कारोबारी सहित पांच जगहों पर छापा मारा है। आयकर विभाग की कार्रवाई से हड़कंप मचा है। बताया जा रहा है करोड़ों रुपये के घपले का मामला है। आयकर विभाग की टीम करीब 10 से अधिक गाड़ियां सुबह पांच बजे सहारनपुर पहुंची, जिन्होंने अलग–अलग स्थानों पर छापा मारा है। आयकर विभाग की छापे की कार्रवाई से महानगर के कारोबारियों में अफरातफरी मची है। जिन कारोबारियों के यहां छापे की कार्रवाई हो रही है, उनमें कई प्रॉपर्टी डीलर का भी काम करते हैं। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग की टीम ने नवीन ज्वेलर्स के कोर्ट रोड स्थित प्रतिष्ठान और चर्च कंपाउंड स्थित आवास पर जाकर रेड की। हालांकि कोर्ट रोड स्थित दुकान बंद मिली है। नवीन मित्तल प्रॉपर्टी का



भी कारोबार करते है। इनके यहां भी छापेमारी आयकर की टीम ने शहद कारोबारी मेहरा ब्रदर्स राजेश, मुकेश, संजय मेहता के लक्ष्मीनगर आवास पर भी छापे की कार्रवाई की। टीम ने अहमदबाग में सीए संजय धींगडा के आवास पर भी छापा मारा है। इनके अलावा टीम ने लोहे के नट बोल्ट के कारोबारी मदनलाल भाटिया के यहां भी रेड की। टीम ने उनके लोहानी सराय स्थित दुकान, मिशन कंपाउंड स्थित आवास और देहरादून रोड पर राकेश कैमिकल्स के पास स्थित गोदाम पर भी छापे की कार्रवाई की है। टीम में गाजियाबाद के अलावा दिल्ली और कानपुर के अधिकारी भी शामिल है। टीम सभी से पूछताछ कर रही है। सभी स्थानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई चल रही है। हालांकि टीम में शामिल आयकर विभाग के अधिकारी रेड के संबंध में कुछ बताते से इनकार कर रहे हैं।

## 'ट्रैफिक रूल मत भूल' मैराथन में दौड़े छात्र : डीएम व एसपी ने गुब्बारा उड़ाकर किया मैराथन का शुभारंभ

मेरठ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के बागपत गेटवे इंटरनेशनल स्कूल की ओर से यातायात माह के अंतर्गत टैफिक रूल मत भूल मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन नगर के राष्ट्र वंदना चौक से शुरू होकर स्कूल पर संपन्न हुई। जहां स्कूल के छात्र–छात्राओं ने ट्रैफिक के नियमों का पालन करने के लिए जागरुक किया। मैराथन का शुभारंभ डीएम राजकमल यादव व एसपी नीरज कुमार जादौन ने हवा में गुब्बारे उड़ाकर किया। मैराथन दिल्ली–देहरादून हाईवे से नगर के राष्ट वंदना चौक से स्कूल तक निकाली गई। इससे पहले राष्ट्र वंदना चौक पर छात्र–छात्राओं व स्कूल प्रबंधन ने शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किए। इसके उपरांत छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर यातायात के नियमों का पालन करने का संदेश दिया। छात्रों ने लोगों को दुपहिया



वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक कृष्णपाल सिंह, प्रधानाचार्य अमित चौहान व स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रही।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

सदा याद रहे कि दुआ कभी साथ नहीं छोड़ती और बद्दुआ कभी पीछा नहीं छोड़ती।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# कल्पवास मेला : एक पुरातन भारतीय परंपरा और जीवन मूल्य

इन दिनों कल्पवास मेला चल रहा है। यह एक पुरातन भारतीय परंपरा है। ये युगों–युगों से कल्प और कल्पान्तर से चली आ रही है। इस दौरान श्रद्धालु पवित्र नदी तटों पर निवास कर भक्ति साधना करते हैं। यह कुंभ पर्व से साम्यता रखते हुए भी कई मायनों में अलग है। कुंभ की कथा विचार संस्कार और सागर के मंथन से जुड़ी है। वहीं इसका उद्देश्य अमृत रूपी तत्व को प्राप्त करना है। इसके उलट कल्पवास कायाकल्प और आत्मशुद्धि का एक माध्यम है। पुरानेपन का त्याग और नवीन का ग्रहण ही कल्प है। इस निमित ऊर्जा से परिपूर्ण किसी रमणीक नदी तीर्थ पर खास तिथियों में किया गया वास कल्पवास है। नया जीवन– नई ऊर्जा और एक बेहतर दिनचर्या के शुरुआती अभ्यास का नाम भी कल्पवास है। बात आयोजनों से जुड़ी हो तो कुंभ स्थल निश्चित और पूर्व निर्धारित है, जबकि कल्पवास के साथ ऐसा नहीं है। ऐसे कल्पवास स्थल भारतवर्ष के हर हिस्से में मौजूद हैं, जहां वर्ष के अलग–अलग महीनों में कल्पवास चलता रहता है। दक्षिण के कुंभकोणम से नेपाल के त्रिवेणी और सप्तकोसी तक ऐसे अनेकों कल्पवास स्थल है। जहां कुंभ पर्व एक स्थान पर ठीक बारह वर्ष उपरांत आता है इसके उलट साधना पर्व कल्पवास प्रति वर्ष लगता है। बात समानता की हो तो, कुंभ हो या कल्पवास सभी की तिथियां तय हैं। ये तिथि सूर्य के भ्रमण गति और बारह राशियों के चक्र पर निर्भर है। प्रयागराज के त्रिवेणी तट का कल्पवास माघ तो हरिद्वार का बैसाख महीने में आता है। नासिक में भादों और चौत्र में उज्जैन के कुंभ स्थलों पर कल्पवास होता है। ऐसा ही बिहार के हरिहर क्षेत्र और सिमरिया का भी है। सिमरिया में आश्विन संक्रांति तो हरिहर क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा से कल्पवास मेला प्रारंभ होता है। सिमरिया का कल्पवास सूर्य के तुला लग्न प्रवेश उपरांत प्रारंभ होता है और कार्तिक संक्रांति को समाप्त हो जाता है। इस दिन सूर्य तुला से वृश्चिक लग्न में प्रवेश करता है। कार्तिक मास के इन कल्पवासों की महत्ता कहीं बढ़ कर है, दरअसल इनके भी अपने आधार है। पुराण कहते हैं कि मासों में कार्तिक और देवों में विष्णु श्रेष्ठ हैं। यह माह देवों के जागरण और नदियों के ऋतुकाल उपरांत स्वच्छ स्थिर शांत व कलकल वाला है। भूमि इन दिनों बीजों को धारण करती है, जबकि कृतिकाएं सूर्य की मदद से बीजों के अंकुरण को पूर्ण करती हैं। कार्तिक के इस मास में ढेरों पवित्र उत्सव संग धेनु और प्रकृति से जुड़े पर्व भी आते हैं। गोपाष्टमी गोपूजा का तो कार्तिक पूर्णिमा पशुप्रेम आधारित गजेंद्र मोक्ष अवतार से सम्बद्ध है। वहीं तुलसी विवाह, आंवला पूजन और छठ पर्व प्रकृति पूजा से जुड़े आयोजन पर्व हैं। बात कल्पवास के साधना पर्व की करें तो साधक इस अवधि का अधिकाधिक समय श्रवण कीर्तन स्मरण अर्चन वंदन आत्म निवेदन और दास्य भाव से सेवा में व्यतीत करते हैं। वे दिन में केवल एक समय भोजन करते हैं और भोग कामनाओं से पूरी तरह दूर रहते हैं। कल्पवास की महत्ताओं को रामायण में भी दर्शाया गया है। प्रयागराज के भारद्वाज मुनि आश्रम में आए प्रभु श्रीराम और माता सीता संतों के मुख से इसकी महिमा सुनते हैं। रामचरित मानस में इसका बड़ा ही सुंदर चित्रण है। यहां चर्चा आई है– माघ मकरगत रवि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।। ये पंक्तियां कल्पवास के महत्व संग ग्रहों के चाल का भी संकेत कर रही हैं। इनके अनुसार जब माघ महीने में मकर लग्न में सूर्य प्रवेश करते हैं तो हर कोई आत्मकल्याणार्थ तीर्थराज प्रयाग का रुख करता है। ठीक ऐसे ही मान्यताएं गजेंद्र मोक्ष अवतार स्थान हरिहर क्षेत्र और मिथिला मगध मिलन स्थली शाल्मली वनक्षेत्र को लेकर भी है। बिहार के हाजीपुर से नेपाल के त्रिवेणी धाम तक विस्तृत हरिहर क्षेत्र अब सोनपुर तक सिमटा और जाना जाता है। वहीं अतीत का शाल्मली वनक्षेत्र अब सिमरिया है। शाल्मली का हिंदी रूपांतरण सेमल है और समय की यात्रा ने इस सेमल वृक्ष को सेमर नाम दिया है। इसी सेमर से सिमरिया बना है। गंगा के पावन तट पर बसे इस तीर्थ ग्राम का अतीत बड़ा ही गौरवशाली है। यहां कभी राजर्षि जनक आते थे ऐसी जनश्रुति और मान्यताएं हैं। महाकवि विद्यापति को गंगा का ये पावन तट अत्यंत प्रिय था। इसी ग्राम में राष्ट्रकवि दिनकर का जन्म हुआ है और यहां के बिंदेश्वरी सिंह भजन सम्राट के तौर भारत भर में जाने जाते थे। अविभाजित बिहार का पहला गंगा नदी पुल भी यहीं है। इस सेतु द्वारा पहली बार सड़क और रेल माध्यम से मगध मिथिला से जुड़ा। यह लंबे समय तक उत्तर बिहार को राज्य के दक्षिणी हिस्से से जोड़ने का एकलौता जरिया रहा है। सिमरिया कल्पवास मेला समय के साथ अब भी चल और बढ़ रहा है। मेला का यह वर्तमान स्वरूप सैकड़ों वर्ष पुराना है। इसे घुमंतू संत खखर बाबा ने टाट फूस के दो झोपड़ियों के सहारे एक पहचान दी थी। जहां रात को ढ़िबरी की रोशनी में नामधुन संकीर्तन हुआ करता था। इनके बाद इसे व्यवस्थित करने में मिथिला के संत सुखदेव दास और भरत दास जी का अभूतपूर्व योगदान रहा है। अब तो यहां प्रतिवर्ष सौ से अधिक शिविर लगते हैं, जहां बिहार नेपाल से लेकर अयोध्या और वृंदावन से भी संत अपने शिविर ले कर आते हैं, यहां न कोई जाति पूछता है और ना ही किसी की आर्थिक स्थिति देख सुन व्यवहार किया जाता है। सब समान हैं, श्रद्धालु और साधक हैं। वहीं ये कल्पवास सनातन धर्म अनुरागी प्रचारक बनाने की भी एक पाठशाला है। बात श्रद्धालुओं की हो तो बिहार के मिथिला क्षेत्र से नेपाल तराई तक के लोग यहां कल्पवास को आते हैं। ये कल्पवासी तंबुओं के बने नगर में अगले एक महीने तक रह चतुर्थ उपासना करते हैं। ये चतुर्थ उपासनाएं नाम रूप लीला धाम का दर्शन श्रवण और सेवन है।यहाँ नाम से अभिप्राय संकीर्तन का है, रूप भगवान की झांकियों का दर्शन है।लीला नयनों से देखी कानों से सुनी कथा और मंचीय भगवत लीला प्रस्तुतियाँ है। यहाँ प्रतिदिन संध्या पंडालों में रामलीला कृष्णलीला और परशुराम चरित्र मंचन चलता है।गंगा का किनारा और संतों का साथ है तो निश्चित ही यह एक जीवंत जाग्रत धाम है।जहाँ श्रद्धालु एक महीना धाम सेवन कर जीवन में परिवर्तन की अनुभूति और मृत्यु उपरांत एक बेहतर पारलौकिक जीवन की सोचते है। यहां श्रद्धालुओं की दिनचर्या नित्यप्रति गंगा स्नान गंगा जल के पान एवं गंगा पूजन से प्रारंभ होती है। इसके बाद ये भगवत नाम संकीर्तन करते हुए सम्पूर्ण मेला क्षेत्र की परिक्रमा करते हैं। परिक्रमा के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव से झूमते चलते हैं। सम्पूर्ण वातावरण शंख घंटी और हरि नाम उच्चारणों से गुंजायमान हो उठता है। इसके उपरांत श्रद्धालु शिविरो मे जा कर भगवान की झांकियों का दर्शन करते हैं। वहीं शिविर शिविर जा पूज्य संतों का आशीर्वाद भी लेते हैं। संतों के हर शिविर में एक अस्थायी मंदिर होता है जहां सुबह सवेरे भगवान की मनोहारी झांकी सजाई जाती है। झांकी दर्शन बाद श्रद्धालु अपने शिविर के तुलसी चौरे पर जाकर तुलसी पूजन संपन्न करते है। इसमें महिलाएं विशेष रूप से आगे होती है। तदोपरांत ये भगवत विग्रह के आगे ढोल झाल ले कर कीर्तन गाते है। जिसके बाद हर शिविर में भगवत कथा आयोजित होती है। कथा के समापनोपरांत सभी शिविरों में भोजन भंडार शुरू होता है। भंडारे मे प्रसाद चख श्रद्धालु जप स्वाध्याय और विश्राम इत्यादि में लगते है। फिर संध्या पहर पंडालों मे आयोजित होने वाले भगवत लीला मंचन को देख कर वे जल इत्यादि ग्रहण कर विश्राम को चले जाते है। अधिकांश श्रद्धालु पुरानी परंपरा का अनुसरण करते हुए रात्रि को भोजन नही करते है। सिमरिया में आए इन श्रद्धालुओं की संख्या करीब पचास हजार होती है। जबकि इसके उलट हरिहर क्षेत्र का कल्पवास मेला केवल पशु मेला बन कर रहा गया। जबकि इसका अतीत इसे गज के भगवत भक्ति और भगवान के पशु प्रेम पर आधारित की है। अब तो ये विश्व प्रसिद्ध पशु मेला भी दम तोड़ रहा है। सांस्कृतिक पहचान से जुड़े ऐसे परंपराओं के क्षरण का कारण बढ़ती सामाजिक उदासीनता और शासकीय नाकारापन है। ये तीर्थस्थल न केवल हमारी पहचान का हिस्सा है अपितु ये बड़ी संख्या में श्रद्धालु और घुमंतू यात्रियों को आकर्षित करते है। यहाँ से प्रति वर्ष करोड़ों का कर संग्रह भी होता है। किंतु कल्पवास के समय का हाल देख आपको रोना आ जाएगा। इस वर्ष सिमरिया मे गंगा के विस्तार और बारिश ने मिलजुल परेशानी खड़ी करी। ढ़ेरों शिविर बारिश को भेंट चढ़े तो रास्ते कीचड़ पानी से सने पटे है। श्रद्धालु परमपराओं के नाते संकल्प तोड़ समय से पहले लौट नही सकते। शिविरों में लगे धर्म ध्वजा और तुलसी बीरे को छोड़ नहीं सकते है। खानापूर्ति वाला सरकारी अमला ऐसे संभावित आपदाओं के लिए कुछ भी नही करता है यह अत्यंत दुखद है। यहां आपको मेला क्षेत्र मे प्रवेश के साथ बिजली बत्ती साफ सफाई से जगमग सरकारी शिविर दिखेगे। जहां प्रतिदिन शासकीय सांस्कृतिक आयोजनों पर जम कर पैसा खर्चा जाता है। किंतु इसके ठीक पीछे खड़े श्रद्धालु कल्पवासी शिविर की कोई चिंता नही है। सभी शिविरों को रियायती दर बिजली एवं भोजन सामग्री की सुविधा तो छोड़ दे नदी घाट पर महिलाओं के कपड़े बदलने की कोई समुचित व्यवस्था तक नहीं है। वास्तव में आवश्यकता बदलावों की है। थोड़े से सोच और प्रयास से ऐसे कल्पवास मेले सनातन धर्म संस्कृति के कायाकल्प एवं प्रचार का माध्यम बन सकते है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# एक्टर्स निहाल आर सीरी और भरत तथा प्रोड्यूसर आनंद संकेश्वर ने लखनऊ में किया फिल्म 'विजयानंद' का प्रमोशन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कर्नाटक के माननीय मुख्यमंत्री बासवराज सोमप्पा बोम्मई द्वारा बेंगलुरु में विजयानंद मूवी के ट्रेलर को धूमधाम से लॉन्च किया गया था और इसे जबर्दस्त रिस्पॉन्स मिला है। ऋशिका शर्मा द्वारा निर्देशित यह फिल्म विजय संकेश्वर के जीवन पर आधारित है और इसमें निहाल आर ने उनकी भूमिका निभायी है। एक्टर निहाल आर, डायरेक्टर ऋशिका शर्मा तथा प्रोड्यूसर जानंद संकेश्वर ने आज लखनऊ में फिल्म का प्रमोशन किया। कन्नड़ फिल्मोद्योग विभिन्न विषयों पर कुछ जोरदार कन्टेंट पेश कर रहा है और विजयानंद भी ऐसी ही मूवी है जो काफी संभावनाओं से भरपूर है। कन्नड़ भाषी फिल्म विजयानंद आगामी 9 दिसंबर को हिंदी, तमिल, तेलुगू तथा मलयालम समेत 5 भाषाओं में जारी हो रही है। इस फिल्म को यूएफओ मूवीज द्वारा देशभर में वितरित किया जाएगा जो इससे पहले रकिटरी, चार्ली, कार्तिकेय , विविसार एवं प्रेम गीत जैसी फिल्में वितरित कर चुके हैं। यह फिल्म वीआरएल फिल्म्स का पहला प्रोडक्शन है।विजय संकेश्वर की जीवनयात्रा की शुरुआत बेहद साधारण रही है और वे आगे चलकर देश में सबसे बड़े कमर्शियल बेड़े के मालिक बने। वह कर्नाटक में एक अखबार और एक न्यूज चौनल के भी मालिक हैं। फिल्म कन्नड़ भाषा में पहली आधिकारिक बायोपिक है आनंद संकेश्वर, सीईओ, बीआरएल ग्रुप ऑफ कंपनीज तथा बीआरएल फिल्म प्रोडक्शंस के प्रमुख प्रेरणास्रोत, ने इस अवसर पर कहा, ''हर पुत्र




का हीरो उसका पिता होता है, मेरे भी पिता ही मेरे हीरो हैं। उन्होंने अपने जीवन में काफी मुश्किलों का सामना किया। लेकिन उन्होंने नैतिक मूल्यों के आधार पर एक मजबूत बुनियाद बड़ी की। वह सही मायने में हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत थे।''एक्टर निहाल ने इस फिल्म में इसी हस्ती की भूमिका निभाने के अपने अनुभव साझा करते हुए बताया, ''मैं भी उत्तरी कर्नाटक में उसी इलाके का रहना वाला हूँ जहां से विजय सर आए हैं और मैं उनकी हैरतंगेज कहानियों को सुनकर बड़ा हुआ हूँ। मुझे इस फिल्म में उनकी भूमिका निभाने पर बेहद गर्व है। '' इस फिल्म का संगीत राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता गोपी सुंदर ने दिया है। कीर्तन पुजारी और हेमंत ने क्रमशः सिनेमेटोग्राफी और एडिटिंग पक्ष संभाला है जबकि आर्ट एवं कॉस्ट्यूम्स की जिम्मेदारी ऋशिका शर्मा ने निभायी। विजयांनद में भरत बोपन्ना अनंत नाग, रवि चंद्रन, प्रकाश बेलावाड़ी, सीरी प्रहलाद, विनय प्रसाद, अर्चना कोट्टिगे, अनीश कुरुविल्ला एवं भरत बोपन्ना प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# किसानों की समस्याओं के निदान हेतु कांग्रेस ने सौपा ज्ञापन : किया प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रदेश कांग्रेस की तरफ से उर्वरक की भारी कमी की समस्या से पहले ही अवगत किया जा चुका है किन्तु प्रदेश सरकार और प्रशासन अपने दायित्वों को पूरा करने में बिल्कुल असफल सिद्ध हुआ है। सहकारी समितियों के गोदामों पर मात्र एक बोरी खाद पाने के लिए भी किसानों की लम्बी कतार लग रही है और स्थानीय स्तर पर सरकारी अधिकारीगण समस्या के शीघ्र समाधान का कोरा आश्वासन ही दे रहे हैं। उधर केन्द्रीय उर्वरक मंत्रालय ने दावा किया है कि देश–प्रदेश में चालू रबी की फसल के लिए उर्वरक , डीएपी का बहुतायत स्टॉक है। स्पष्ट है कि किसानों के लिए खाद, उर्वरक डीएपी की कमी की स्थिति जानबूझ कर पैदा की गई है, जिससे बिचौलियों को लाभ पहुंचे। वर्तमान रबी की फसल के लिए खाद , उर्वरक,डीएपी की भारी कमी प्रदेश के सभी मंडलों में इस वर्ष असामान्य वर्षा के कारण खराब हो चुकी खरीफ की फसल से नुकसान उठाने वाले कृषक समुदाय की आर्थिक समस्याओं में और अधिक वृद्धि ही करेगी। प्रदेश के किसानों को खाद ,उर्वरक की आपूर्ति की तत्काल व्यवस्था की मांग को लेकर जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज और शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम के संयुक्त नेतृत्व में गुरुवार को दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और राज्यपाल को सम्वोधित ज्ञापन सिटी



मजिस्ट्रेट को सौपा। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज ने बताया कि आज प्रदेश अध्यक्ष के आवाहन पर हम लोगों ने किसानों की समस्याओं को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही मांग किया है कि किसानों को तत्काल खाद बीज यूरिया आदि सघन सहकारी समितियों पर उचित मूल्य पर उपलब्ध कराएं। जिससे कि किसान फसल की बुवाई समय कर सकें। इस अवसर पर डॉ राकेश उपाध्याय, सुरेंद्र वीर बहादुर विक्रम सिंह, राकेश सिंह डब्बू, पंकज सोनकर, सत्यवीर सिंह, अजय सोनकर, राजकुमार गुप्ता, नेसार इलाही, सन्दीप सोनकर, शशांक राय, अमन सिन्हा,अमित मिश्रा,आदिल, तौफीक, साजिद मानु, अली सब्बल आदि मौजूद रहे।

# एक गलत प्रश्न से नौकरी का रास्ता साफ : अभ्यर्थियों ने ली थी कोर्ट की शरण

इटावा ब्यूरो : सुप्रीम कोर्ट ने 69000 शिक्षकों की भर्ती से जुड़े करीब एक हजार अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। एक गलत प्रश्न ने इनकी नौकरी का रास्ता साफ कर दिया है। कोर्ट ने गलत प्रश्न का नंबर अभ्यर्थियों को देने का आदेश देते हुए सरकार की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को खारिज कर दिया है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच के 25 अगस्त 2021 के आदेश को बहाल कर दिया। इससे इस प्रक्रिया में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों में खुशी की लहर है। अभ्यर्थियों ने सरकार से जल्द नियुक्ति देने की गुहार लगाई है। छह जनवरी 2019 को 69000 शिक्षकों की भर्ती के लिए परीक्षा हुई थी। आठ जनवरी को आंसर सीट ऑनलाइन की गई तो असंतुष्ट अभ्यर्थियों ने परीक्षा में पूछे छह प्रश्नों को हाईकोर्ट में चुनौती दे दी थी। इनमें एक प्रश्न ऐसा था जिसके चारों विकल्प गलत थे। हाईकोर्ट ने पांच प्रश्नों पर हस्तक्षेप करने से मना कर दिया था, जबकि एक प्रश्न जिसके चारों विकल्प गलत थे, उस पर अभ्यर्थियों को नंबर देने के आदेश दिए थे। इसमें कोर्ट द्वारा यह शर्त भी लगाई गई थी कि यह नंबर उन अभ्यर्थियों को दिया जाएगा ,जिन्होंने कोर्ट में याचिका दायर की है और एक नंबर से फेल हो गए हैं। हाईकोर्ट के फैसले से नाखुश यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था और अब वहां से भी अभ्यर्थियों की जीत हुई है। इस फैसले से पूरे प्रदेश के एक हजार से अधिक अभ्यर्थियों के शिक्षक बनने की राह खुल गई है। इनमें जनपद इटावा से भी एक दर्जन से अधिक अभ्यर्थी शिक्षक बन जाएंगे। एक नंबर से पास होने से रह गए थे शिक्षक भर्ती परीक्षा में सफल होने के लिए सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को 150 में 97 और ओबीसी व एससी श्रेणी के अभ्यर्थियों को 90 अंकों की जरूरत थी। कई परीक्षार्थी एक नंबर से परीक्षा पास करने से रह गए। जब आंसर सीट ऑनलाइन की गई, तो पता चला कि एक प्रश्न के चारों विकल्प गलत थे। इसी को आधार बनाकर यह अभ्यर्थी कोर्ट चले गए, जहां से उन्हें जीत मिली।

# युवती ने दुकानदार को चप्पलों से पीटा : लोगों ने रफा–दफा कराया मामला : पुलिस बनी रही अंजान

हरदोई ब्यूरो : हरदोई जिले में एसपी तिराहा पर बुधवार की दोपहर एक युवती ने दुकानदार की चप्पलों से पिटाई कर दी। इससे मौके पर भीड़ लग गई। लोगों ने मामला रफा–दफा कराया। शहर में एसपी तिराहा के पास एक युवक मोबाइल शॉप चलाता है। बुधवार की दोपहर एक युवती अपने मोबाइल में टैंपर्ड कार्ड डलवाने आई थी। यहां पर दुकानदार ने युवती से कुछ ऐसी बात कह दी, जिससे युवती का गुस्सा फूट गया। युवती ने दुकानदार का कालर पकड़कर चप्पलों से जमकर पिटाई कर दी। मौके पर भीड़ लग गई। दुकानदार युवती से हाथापाई करता, इससे पहले लोगों ने दुकानदार को पकड़कर फिर धुनाई कर दी। इस दौरान काफी देर हंगामा होता रहा, लेकिन पुलिस अंजान बनी रही। राहगीरों ने समझाकर मामला शांत कराया। इसके बाद युवती अपने भाई के साथ चली गई। कोतवाल संजय पांडेय ने बताया कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं को गलत व्यवहार एवं अत्याचार का डटकर मुकाबला करना चाहिए –अलका गुप्ता

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : गांधी भवन हाल में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से कौमी सप्ताह के अन्तर्गत महिला सशक्तीकरण तथा कुपोषण दूर करने में महिलाओं की भागीदारी पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती अलका गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनने के लिए स्वयं को मजबूत करना होगा और हर गलत व्यवहार एवं अत्याचार का डटकर मुकाबला करना चाहिए। उन्होने कहा कि महिलायें खुद को सशक्त रहने के लिए अपने आस–पास की गतिविधियों पर नजर रखते हुए घर–परिवार तथा समाज की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए आगे बढकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अतिथि अपर जिलाधिकारी वन्दना त्रिवेदी ने कहा कि महिलायें घर में एक समय कई काम कर लेती है इसलिए हर महिला सशक्त है, परन्तु वर्तमान में महिलाओं को पुरूषों की बाराबरी करने एवं और अधिक सशक्त बनाने के लिए आर्थिक रूप से मजबूत बनना पड़ेगा। उन्होने कहा कि महिलायें अपने लड़के व लड़की में भेदभाव न करें और घर के काम दोनो से एक समान कराये और दोनो की शिक्षा पर विशेष ध्यान देकर उन्हें योग्य बनायें। एडीएम ने



कहा कि महिलायें किसी प्रकार का उत्पीड़न सहन न करे बल्कि उसके खिलाफ आवाज उठाकर और महिलाओं को जागरूक होने का संदेश दें। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने मुख्य अतिथि, अपर जिलाधिकारी तथा अन्य महिला पदाधिकारियों सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि महिलायें सशक्त बनकर समाज की मुख्यधारा से जुड़े। कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण कुपोषण के तहत उत्कृट कार्य करने वाली श्रीमती अनीता पाण्डे, शारदा देवी, पल्लवी तथा दिव्या सचान को मुख्य अतिथि ने प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुहाना जैन, नेहा सिंह, चेतना शुक्ला एवं भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही, कार्यक्रम का संचालन आलोकिता श्रीवास्तव ने किया।

# टप्पल में मासूम की हत्या के दोषी जाहिद को उम्रकैद

अलीगढ़ ब्यूरो : देश–दुनिया की सुर्खियों में रहे वर्ष 2019 के बहुचर्चित टप्पल की ढाई वर्ष की बच्ची की हत्या के दोषी जाहिद को उम्रकैद की सजा मुकर्रर की गई है। एडीजे–12 सिद्धार्थ सिंह की अदालत ने हत्या व अपहरण के अपराधों में जाहिद को अलग–अलग धाराओं में उम्रकैद की सजा सुनाई। सभी सजाएं साथ–साथ चलेंगी। इस फैसले से अभियोजन व बचाव पक्ष संतुष्ट नहीं हैं, क्योंकि मुकदमे में तीन आरोपी बरी किए गए हैं। इसलिए दोनों ओर से हाईकोर्ट जाने का ऐलान किया गया है। अभियोजन अधिवक्ता एडीजीसी प्रमेंद्र जैन के अनुसार घटना 30 मई 2019 की है। गांव की ढाई वर्ष की बच्ची घर से गायब हुई थी और दो जून को उसका शव घर से करीब 100 मीटर दूरी पर दूसरी गली में गैर समुदाय के जाहिद के घर के सामने कूड़े के ढेर में मिला था। परिवार की ओर से अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया गया। मामले में पुलिस ने कई दिन के प्रयास के बाद जाहिद, उसकी पत्नी सबुस्ता, भाई मेहंदी हसन व पड़ोसी असलम को गिरफ्तार किया। उजागर हुआ कि बच्ची के परिवार से जाहिद ने दस हजार रुपये उधार लिए थे। उसकी वापसी को लेकर बच्ची के दादा ने जाहिद से कहासुनी कर दी। इसे अपनी बेइज्जती मानते हुए जाहिद ने बदले का ऐलान किया था। इसी क्रम में इस घटना को अंजाम दिया गया। गिरफ्तारी के बाद जाहिद व सबुस्ता को जमानत मिल गई। न्यायालय में चार्जशीट के आधार पर सत्र परीक्षण के दौरान मंगलवार को सबुस्ता, असलम व मेहंदी हसन को बरी कर दिया, जबकि साक्ष्यों व गवाही के आधार पर जाहिद को बच्ची को अगवा कर ले जाने, हत्या व साक्ष्य मिटाने की धारा में दोषी करार दिया था। एडीजीसी के अनुसार बुधवार को मामले में जाहिद को उम्रकैद व 70 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

# गालीबाज चिकित्सक की अभद्रता से क्षुब्ध स्वास्थ्य कर्मी ने फांसी लगाकर जान देने का किया प्रयास

बागपत ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के बागपत में खेकड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गालीबाज चिकित्सक की अभद्रता से क्षुब्ध स्वास्थ्य कर्मी ने फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार खेकड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सक के तबादले के बावजूद प्रभारी चिकित्सक बृहस्पतिवार को फिर खेकड़ा सीएचसी पर पहुंच गया और पीड़ित कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ अभद्रता करने लगा। आहत कंप्यूटर ऑपरेटर ने घर पहुंचकर फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या का प्रयास किया। बेटे को फंदे पर लटका देख मां ने मचाया शोर पता लगने पर उसकी मां ने शोर मचा कर परिजनों को बुलाकर उसकी जान बचाई। पिछले सप्ताह गालीबाज चिकित्सक ने सीएचसी के कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ गाली गलौज की थी। रात में उसके घर पहुंच कर उसके परिजनों के साथ भी अभद्रता की थी। जिसका ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद उसने उच्च जाति की स्वास्थ्य कर्मी महिला के लिए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर सबक सिखाने की बात कही थी। व्हाट्सएप का यह स्क्रीनशॉट भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। सीएचसी के सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने जिलाधिकारी राजकमल यादव को गालीबाज चिकित्सक की शिकायत कर उसके साथ कार्य करने में असमर्थता जताकर उनका यहां से तबादला कराने की मांग की थी। दो दिन पूर्व डॉ.



अरविंद मलिक ने खेकड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर चार्ज संभाल लिया था। तबादले के बावजूद की अभद्रता गुरुवार को तबादले के बावजूद गालीबाज चिकित्सक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर पीड़ित कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ अभद्रता की। इससे आहत होकर कंप्यूटर ऑपरेटर अस्पताल से घर पहुंच गया। और फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या का प्रयास किया। समय रहते पता लगने पर उसकी मां ने शोर मचा कर परिजनों को बुलाकर उसकी जान बचाई। उतारते हुए उसकी जान बचाई और डायल 112 पुलिस को फोन कर घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सचिन और उसके परिजनों से घटना के बारे में पूछताछ की। इसके बाद पीड़ित कंप्यूटर ऑपरेटर सचिन ने परिजनों और खेकड़ा सीएचसी के चिकित्सकों के साथ थाने में पहुंचकर आरोपी चिकित्सक के खिलाफ आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोप लगा मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सीओ विजय चौधरी का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई।

# बीच चौराहे पर पुलिस के सामने ही भिड़े दो गुटों के छात्र : जमकर चले लात–घूंसे

मेरठ ब्यूरो : मेरठ में गुरुवार सुबह छात्रों के दो गुटों के बीच जमकर संघर्ष हुआ। इस दौरान सड़क पर चलने वाले राहगीर भी रुक गए। वहीं पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रों को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने और दोनों गुटों के बीच जमकर लात घूंसे चले। वहीं छात्रों की लड़ाई देख मौके पर अफरा तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार लिसाड़ीगेट चौराहे पर छात्रों के दो गुटों में पुलिस के सामने ही जमकर चले–लात घूंसे चले। पुलिसकर्मियों के सामने ही छात्रों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने मौके से तीन छात्रों को हिरासत में लेकर थाने ले आए। छात्रों को झगड़ता देख राहगीर भी मौके पर ही थम गए। इस दौरान सड़क पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस कर्मियों



ने छात्रों को छुड़वाने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों के सामने ही छात्रों में मारपीट होती रही। उधर सीओ कोतवाली अमित कुमार राय का कहना है कि मामूली कहासुनी को लेकर छात्रों में मारपीट हो गई थी। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कैंसर रोगियों को दर्द से छुटकारा दिलाती है हिप्नोथेरेपी –संजीव देशपांडे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग द्वारा हिप्नोथिरैपी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया। बतौर मुख्य अतिथि वड़ोदरा से आए हिप्नोथिरैपी के विषय विशेषज्ञ प्रो संजीव देशपांडे ने कहा कि बहुत सी ऐसी समस्याएँ जिनका निदान चिकित्सा विज्ञान में सम्भव नही है। उन समस्याओं को सिर्फ मनोविज्ञान के नियमों एवं सिद्धांतों को जीवन में लागू करके परामर्श एवं थिरैपी द्वारा दूर किया जा सकता है। हिप्नोथिरैपी के बहुत सारे डेमो भी विद्यार्थियों को कराए गये जो कि विद्यार्थियों के लिए विशेष रुचिकर रहा। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता प्रकाश गर्ग ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में हिप्नोथिरैपी के द्वारा समन्वय संस्था के सहयोग से अनेकों कैंसर रोगियों को दर्द से छुटकारा दिलाया जा रहा है अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवर्तन व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो अजय प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मनोविज्ञान की विशेष शाखा नैदानिक मनोविज्ञान के अंतर्गत बहुत सारी मनोवैज्ञानिक




समस्याओं को पहचानने तथा उसका निदान करने हेतु अनेकों विधाओं में एक विशेष विधा हिप्नोथिरैपी को समझना है ताकि लोगों को अनेकों प्रकार की मनोवैज्ञानिक समस्याओं को दूर किया जा सके। संचालन डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव ने तथा डॉअनु त्यागी ने व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग की ब्रीफ हिस्ट्री प्रस्तुत किया। डॉ मनोज पांडेय ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर प्रो अविनाश पार्थीडेकर, डॉ ममता सिंह, डॉ सुभाष ,डॉ आकांक्षा श्रीवास्तव आदि के साथ साथ मोहम्मद हसन डिग्री कॉलेज मड़ियाहूं पीजी कॉलेज प्रतापगंज पीजी कॉलेज अन्य कॉलेज से भी विद्यार्थियों ने भी।

# नैक की तैयारियों की कुलपति ने की समीक्षा : समन्वयकों ने दी बिंदुवार प्रस्तुति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति कॉन्फ्रेन्स हाल में बुधवार की देर शाम तक नैक की तैयारियों को लेकर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने समिति के सदस्यों के साथ बिंदुवार समीक्षा की। कुलपति प्रो निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि विश्वविद्यालय की निरंतर उपलब्धियों की बिंदुवार प्रस्तुति नैक के लिए बहुत ही आवश्यक है। विश्वविद्यालय ने पिछले कई वर्षों में बहुत प्रगति की है और यही नैक में अच्छी ग्रेडिंग के लिए मददगार साबित होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विगत वर्षों में संचालित की भी जानकारी ली। आइक्यूएसी सेल के समन्वयक प्रोफेसर मानस पांडेय ने नैक के सभी क्राइटेरिया के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इसी क्रम में क्राइटेरिया के संबंधित समन्वयकों ने विस्तार



पूर्वक अपनी तैयारियों के बारे में कुलपति के समक्ष प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रो. देवराज, प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. रजनीश भास्कर,डॉ गिरिधर मिश्र, डॉ आशुतोष सिंह, डॉ सुजीत कुमार, डॉ धर्मेंद्र सिंह, डॉ प्रियंका कुमारी समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## करंजाकला एनम प्रशिक्षण केंद्र पर संदिग्ध हाल में कटा युवती का नस : जिला हॉस्पिटल से वाराणसी के लिए रेफर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के करजाकला एनम प्रशिक्षण केंद्र पर एक युवती के हाथ का नस कट गया। मामला गंभीर देखते हुए उसे जिला हॉस्पिटल से वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। घटना को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं हैं। जानकारी के अनुसार करंजाकला के एनम प्रशिक्षण केंद्र पर प्रतिभा यादव पुत्री ओमप्रकाश ट्रेनिंग कर रही थी। प्रतिभा का बुधवार की शाम को उसके हाथ की नस संदिग्ध हाल में कट गई। और उसके हाथ से लगातार रक्तस्राव हो रहा करंजकला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पीड़ित का मामला गंभीर देखते हुए जिला हॉस्पिटल के लिए रेफर किया। जिला हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने रक्त बहाव रोकने का काफी प्रयास किया। लेकिन ना रुकने पर वह पीड़िता को वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। इधर ब्लॉक परिसर में सूत्रों की माने तो वह प्रशिक्षण कर्मियों से पीड़ित होकर के हाथ के नस को काटा है। जबकि वहां के जिम्मेदारों का कहना है कि सफाई करने के दौरान शीशे से हाथ कटा है। जबकि प्रशिक्षण कर रहे प्रशिक्षु से सफाई कराना उचित नहीं है। जो काम सफाई कर्मी का है उसे ट्रेनिंग ले रहे प्रशिक्षु से नहीं कराया जाता। फिर हाल मामला संदिग्ध बना हुआ है। इस पर कोई कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। इस बारे में जानकारी के लिए प्रशिक्षण केंद्र प्रभारी डिप्टी सीएमओ डॉ संतोष जायसवाल को फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# अपने कॉलेज के ग्राउंड में लगा दी प्रदर्शनी दूसरे स्कूल का मैदान उधार लेकर करा रहे प्रतियोगिता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता कराने की जिम्मेदारी नगर के बीआरपी इंटर कॉलेज को मिलने के बाद वह अपने कॉलेज के मैदान में नही कराकर टीडी कालेज के उमानाथ सिंह स्टेडयम में कराने जा रहा है। कोर्ट के साफ आदेश के बाद भी इस कॉलेज के मैदान में खेल कूद न होकर प्रदर्शनी , राजनीतिक गतिविधियों में ही इस्तेमाल किया जाता है। मौजूदा समय मे भी प्रदर्शनी लगी है। ऐसे में खिलाड़ियों के खाने पीने की व्यवस्था बीआरपी कालेज में तथा खेलने और ठहरने की इंतजाम टीडी कालेज में किया गया है। माध्यमिक स्कूलो की जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता कराने की मेजबानी बीआरपी इंटर कॉलेज को मिली है लेकिन इस स्कूल के ग्राउंड में प्रदर्शनी लगने के कारण मजबूरी में यह प्रतियोगिता पड़ोसी कालेज टीडी कालेज में 24 नवम्बर से 26 नवम्बर को होगी। जबकि कोर्ट का साफ आदेश है कि शिक्षण संस्थानों व खेल के मैदान में शिक्षादीक्षा और खेल के अलावा कोई कार्य नही हो सकता इसके बाद भी इस स्कूल के मैदान में खेल को छोड़कर सभी कार्य किया जाता




है। कालेज के प्रधानाचार्य सुबास चंद्र से इस मामले पर बात किया गया तो उन्होंने बताया कि कॉलेज के मैदान में प्रदर्शनी लगी है जिसके कारण खेल उमानाथ सिंह स्टेडियम में होगा, महिला खिलाड़ियों की व्यवस्था टीडी इंटर कॉलेज में किया गया है तथा पुरुष खलाड़ी टीडी महिला कॉलेज में ठहरेंगे। खाना और नास्ते की व्यवस्था बीआरपी में किया गया है। अपने कॉलेज के मैदान में प्रदर्शनी लगने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैंने कोई परमिशन नही दिया है , प्रदर्शनी मालिक ने कॉलेज प्रबन्धक और जिला प्रशासन से अनुमति लेकर लगाया है।

# पूर्व विद्यार्थी के निधन पर शोक सभा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा मंगलवार की शाम विभाग की पूर्व छात्रा स्वतंत्र पत्रकार एवं शोधार्थी श्वेता यादव की असमय मौत पर ऑनलाइन




शोक सभा आयोजित की गई। ऑनलाइन शोक सभा में विभाग के शिक्षक, पूर्व एवं वर्तमान विद्यार्थियों ने गहरा दुख व्यक्त किया। ऑनलाइन शोक सभा में देश के विभिन्न भागों से जनसंचार विभाग के पूर्व विद्यार्थी जुड़े और अपनी संवेदनाओं को साझा किया। जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र ने कहा कि वह बहुत ही परिश्रमी विद्यार्थी रही। अपनी मेहनत के बल पर उसमें पत्रकारिता में लंबे समय से कार्य किया और एक अलग छवि बनाई। विभाग के शिक्षक डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ सुनील कुमार, डॉ. अवध बिहारी सिंह डॉ. चंदन सिंह ने भी गहरा दुख व्यक्त किया है।

# विद्युत कर्मियों ने लाडलेपुर गांव के दलित बस्ती की सप्लाई काटी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लाडलेपुर गांव के दलित बस्ती से जुड़े विद्युत सप्लाई विद्युत कर्मियों व अधिकारियो ने काट दी। जिससे 500 से अधिक घरो के लोग अंधेरे में रात बिताने पर मजबूर हैं। ग्रामीणों के अनुसार विद्युत कर्मियों ने सत्तापक्ष के इशारे पर विघुत सप्लाई काटी है। जानकारी के अनुसार लाडलेपुर गांव में दलित बस्ती से जुड़ी हरिजन पासी पाल सोनकर जैसी समाज के 500 घरों की विद्युत सप्लाई काट दी है।जिसकी विद्युत सप्लाई विद्युत कर्मियों अधिकारियों ने किसी बात से खिन्न होकर काट दी। 500 घरों पर के लोग रात अंधेरे में पर बिताने पर मजबूर हैं। जिसमें कई ग्रामीणों ने कहा कि यह कार्रवाई सत्ता पक्ष के इशारे पर की गई है। अगर शीघ्र विद्युत सप्लाई नहीं जोड़ी जाती है तो वह जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। मामले को मुख्यमंत्री के दरबार मे भी ले जाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी सिंचाई बाधित हो गई है व अन्य कृषि कार्य रूक गए हैं।रात में चारों तरफ अंधेरा फैला रहता है। यह कार्रवाई गांव के दबंग के इशारे पर की गई है। इस बारे में कई बार विद्युत विभाग के जेई व अन्य अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो सका। गांव के पूर्व प्रधान धीरेंद्र यादव गुड्डू ने कहा कि बिना किसी सूचना के नोटिस के विद्युत सप्लाई काटना गलत है और किसी का बिल भी बकाया नहीं है किस लिए यह विद्युत आपूर्ति काटी गई जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री समेत अन्य विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से की जाएगी।

# तीन चैन स्नेचर पर लगा गैंगस्टर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि कोतवाली नगर पुलिस ने तीन चैन स्नेचर पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही किया।उन्होंने बताया कि तीनों के खिलाफ कोतवाली नगर में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया।ये तीनों अपराधी महिलाओं के साथ चैन स्नैचिंग करते थे। ये तीनों अपराधी कोतवाली नगर के दालमंडी व रिकाबगंज के रहने वाले हैं।जो इस समय जेल में बंद है।

# नगर निकाय चुनाव : प्रशासनिक तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार

अलीगढ़ ब्यूरो : निकाय चुनाव को लेकर चुनाव आयोग की घोषणा का अब बेसब्री से इंतजार हो रहा है। दूसरा इंतजार वार्ड आरक्षण की घोषणा का हो रहा है। इस बीच जिला प्रशासन चुनावी तैयारियों को पूरा करने में जुटा है। दिसंबर में संभावित चुनाव को मानकर तैयारियां जोर शोर से शुरू हो गई है। चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शुक्रवार को अलीगढ़ आ रहे हैं। प्रबुद्धजन सम्मेलन के बहाने वह यहां से चुनावी बिगुल फूंकेंगे। इसको लेकर दूसरे दलों में राजनीतिक सरगर्मियों ने जोर पकड़ लिया है। प्रशासन ने वार्डों के परसीमन के बाद प्रस्तावित आरक्षण तय कर उसे शासन की मंजूरी को भेज दिया है। इसके अलावा निकाय चुनाव को मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कराने के साथ ही उनका अंतिम प्रकाशन करा दिया गया है। अब नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में मतदान केंद्रों के निर्धारण की तैयारियों की कवायद की जा रही है। ईवीएम की भी जांच–पड़ताल की जा रही है। 25 नवंबर तक पोलिंग बूथों की अंतिम सूची तैयार कर उसे शासन को भेजा जाएगा। पोलिंग बूथों पर बिजली, पीने के पानी, शौचालय, दिव्यांगों के लिए रैंप, रास्ते आदि को संबंधित विभागों द्वारा दुरूस्त करने का काम भी किया जा रहा है। चुनाव में पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए रूट चार्ट को भी तैयार किया जा रहा है। चुनाव को नामांकन एवं मतगणना स्थल की व्यवस्थाएं बेहतर बनाने का काम लगातार जारी है। दावेदारों ने अभी से मतदाताओं को अपने पक्ष में रिझाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं।

## पीएम सीएम का बैनर फाड़ने पर मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयुष्मान भारत ब्लॉक स्वास्थ्य मेले के बैनर में लगे फोटो प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के चेहरे पर अराजक तत्वों द्वारा दिनांक 22 नवंबर की शाम कट का निशान बनाए जाने की सूचना पर चिकित्सा अधीक्षक अरुण कुमार कनौजिया ने तत्काल आनन–फानन पुराने बैनर को हटवा कर नया बैनर लगवाया। और अराजक तत्वों के खिलाफ केराकत कोतवाली में मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिए था, प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने धारा 427 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक केराकत संजय वर्मा ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक के तहरीर के आधार पर अज्ञात के ऊपर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## 300 बकाएदारों को वसूली की नोटिस जारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वर्ष 2019 के पहले बैंक से ऋण लेकर अदायगी न करने वाले दो लाख रुपये से अधिक के 300 बकाएदारों को यूनियन बैंक की शाखा पुरानी बाजार के प्रबन्धक उमेश सिंह ने नोटिस जारी की है! उन्होंने जारी की नोटिस में बकाएदारों को चेताया है कि पन्द्रह दिवस के भीतर यदि ऋण की अदायगी नहीं की गयी तो आर सी के लिए सम्बंधित तहसील से सम्पर्क किया जाएगा! परिणामस्वरूप राजस्व विभाग दस प्रतिशत राजस्ध कर शामिल कर ऋण वसूली करेगा!

## खेल से मन एवंम शरीर दोनों स्वस्थ होता है–कर्नल आर एस मोनी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज मैं अंतर्जनपदीय महाविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने की एवं मुख्य अतिथि यूपी/5,कर्नल आर एस मोनी रहे एवं विशिष्ट अतिथि पूर्वांचल विश्वविद्यालय खेल सचिव ओपी सिंह रहे।प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने आए हुए अतिथियों का बुके एवं पुष्प देकर स्वागत किया अपने संबोधन में कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो हमें अपने जीवन में जरूर इस्तेमाल करना चाहिए। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा खेल के साथ–साथ हमें अनुशासन का पाठ भी प्राप्त होता है एवं शारीरिक एवं मानसिक शक्ति भी मिलती है। विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में कहा जीवन में शिक्षा के साथ–साथ खेल के साथ हम अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। प्रतियोगिता में मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज, हंडिया पीजी कॉलेज प्रयागराज,खाकी बाबा पीजी कॉलेज गाजीपुर ,राजा हरपाल सिंह पीजी कॉलेज सिंगरामऊ,पीजी कॉलेज



गाजीपुर,टी.डी पी.जी कॉलेज जौनपुर की टीम ने भाग लिया। इस मौके पर आयोजन सचिव डॉ शहनवाज खान, मेजर डॉ शैलेंद्र प्रताप सिंह,डॉ कमरुद्दीन शेखद,डॉ जीवन यादव, डॉ अशोक सिंह डॉ जितेंद्र सिंह,डॉ भानु सिंह खेलकूद मोहम्मद शफीक, किरमानी ,डॉ गुलाब मौर्या, डॉ प्रज्वलित यादव, डॉ संतोष सिंह डॉ प्रवीण यादव अहमद अब्बास खान एवं महाविद्यालय परिवार एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे संचालन डॉ अजय विक्रम सिंह ने किया।

# एसटीएफ को एसएन सिंह समेत 9 लोगों की 3 दिन की रिमांड मिली : परामर्श समिति से भी पूछताछ

लखनऊ ब्यूरो : आयुष कॉलेजों में हेराफेरी कर हुए दाखिले में गहनता से पूछताछ के लिए एसटीएफ के अनुरोध पर विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट साक्षी गर्ग ने प्रो. एसएन सिंह समेत नौ लोगों को 3 दिन के लिए रिमांड में दिए जाने का आदेश दिया है। रिमांड की अवधि 23 नवंबर को दिन में 11 बजे से 26 नवंबर को 11 बजे तक प्रभावी होगी। अदालत के समक्ष पुलिस रिमांड पर दिए जाने वाली यह अर्जी एसटीएफ के निरीक्षक एवं विवेचक अतुल कुमार सिंह ने अदालत के समक्ष प्रस्तुत की है। अर्जी में जिला कारागार में निरुद्ध प्रोफेसर सत्यनारायण सिंह, डॉ. उमाकांत, हर्षवर्धन तिवारी उर्फ सोनल, सौरव मौर्य, इंद्र देव मिश्रा, रूपेश रंजन पांडे , कुलदीप सिंह, कैलाश चंद्र भास्कर एवं राजेश सिंह को पुलिस अभिरक्षा में दिए जाने का अनुरोध किया गया। विवेचक ने अर्जी में कहा है कि विवेचना के दौरान पाया गया कि अभियुक्त कुलदीप सिंह द्वारा नकद एवं उपहार के रूप में घूस सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया गया है। जिनके संबंध में नए साक्ष्य उपलब्ध हो चुके हैं। जिस कारण इस संबंध में सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों से पूछताछ कर बरामदगी करनी है। इसके अलावा कुलदीप सिंह वर्मा व अन्य अभियुक्तों को आमने–सामने बिठाकर पूछताछ करनी है। अदालत ने कहा है कि पुलिस रिमांड अवधि में आरोपियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित नहीं किया जाएगा तथा विवेचक द्वारा पुलिस रिमांड के दौरान बरामद समस्त सामान व कार्यवाही की




वीडियोग्राफी की जाएगी। परामर्श समिति के सदस्यों से पूछताछ आयुष कॉलेजों में छात्रों के दाखिले में हुई हेराफेरी के मामले में एसटीएफ ने काउंसिलिंग समिति के कई सदस्यों को पूछताछ के लिए बुधवार को दफ्तर बुलाया। सूत्रों ने बताया कि एसटीएफ काउंसिलिंग समिति के सदस्यों से पूछताछ कर उनकी भूमिका के बारे में जानकारी हासिल कर रही है। इस समिति में तत्कालीन डायरेक्टर एसएन सिंह और प्रोफेसर व काउंसिलिंग प्रभारी उमाकांत (दोनों जेल में) के अलावा राजकीय तकमील कॉलेज लखनऊ के डॉ. बच्चू सिंह एवं डॉ. मजाहिर आलम, राजकीय नेशनल होम्योपैथिक कॉलेज के डॉ. एसएस पाल एवं डॉ. अशोक कुमार सिंह शामिल थे। यूनानी निदेशालय से डॉ. मोहम्मद वसीम और होम्योपैथी से डॉ. वीके पुष्कर भी नामित थे। इनमें से पांच सदस्यों से एसटीएफ ने लंबी पूछताछ की।

# प्रो. विनय पाठक : हर टेंडर में चलती थी अजय मिश्रा की मर्जी : नौकरों के नाम से खोली थी कंपनी

लखनऊ ब्यूरो : छत्रपति शाहूजी महाराज विवि, कानपुर के कुलपति प्रो. विनय पाठक के करीबी अजय मिश्रा को लेकर भी कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। जांच में पता चला है कि प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों में अजय का इतना दखल था कि उसकी मर्जी के बिना कोई भी टेंडर पास नहीं हो सकता था। जिन कंपनियों को काम मिलता था, उससे अजय का कोई न कोई संबंध जरूर रहता था। एसटीएफ ने जांच में पाया है कि कानपुर विवि समेत कई अन्य विश्वविद्यालयों की कॉपियां व सामग्री अजय मिश्रा की एक्सिलिक्ट प्रिंटिंग प्रेस में छप रही थीं। सूत्रों के मुताबिक सॉलिटेयर प्रिंटो टेक कंपनी में अजय मिश्रा का नौकर संतोष व विवेक निदेशक हैं। यह कंपनी हरियाणा के फरीदाबाद में पंजीकृत है। एसटीएफ इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि जिन विश्वविद्यालयों के प्रश्नपत्र व कॉपियां छापे के दौरान मिली हैं, उनका काम किस कंपनी को दिया गया था?



इसके लिए संबंधित दस्तावेज विश्वविद्यालयों से मांगे जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि कानपुर विवि के प्रश्नपत्र का ठेका फरीदाबाद की कंपनी को दिया गया था। फिलहाल पता लगाया जा रहा है कि ऐसी और कितनी कंपनियां हैं।

## ग्राम सचिवालय को मजबूत करने के लिए अलग से खोले जा रहे खाते

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकास क्षेत्र के सभी 95 ग्राम पंचायतों का खाता अलग से खोले जाने की कवायद तेज हो गयी है! ग्राम सचिवालय को मजबूती देने के लिए पंचायत विभाग उन्हीं बैंकों में अलग से खाता खोलवा रही है जिन ग्राम पंचायतों के ग्राम निधि का खाता पूर्व से जिस बैंक में संचालित है! खण्ड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव ने दावा किया है कि दो दिवस के भीतर सभी ग्राम पंचायतों का खाता खोलवा दिया जाएगा! उन्होंने बताया कि अलग से खोले जाने वाला खाता 'पंचायत ओ एस आर 'खाता के नाम से जाना जाएगा! इस खाते में बैंक से इन्टरनेट, मोबाइल बैंकिंग, डेबिट कार्ड यू पी आई आई डी, क्यू आर कोड, जिला सेवा दाता द्वारा पंचायत सहायक हेतु एक वांलेट आवंटित किया जाएगा! जिसके माध्यम से सेवा के सापेक्ष वांलेट में उपलब्ध धनराशि से सेवा शुल्क का ट्रान्जेक्शन होगा! उक्त वांलेट को ओ एस आर खाते से लिंक भी किया जाएगा! इस खाते का संचालन सचिव व ग्रामप्रधान के संयुक्त हस्ताक्षर से होगा! परन्तु एक सचिव के पास एक से अधिक गाँव पंचायतो का कार्यभार तथा तकनीकी कारणों से मात्र वांलेट का रिचार्ज केवल ग्रामप्रधान द्वारा ही किया जाएगा! ग्राम प्रधान का मोबाइल नम्बर खाते से सम्बध्ध होगा! खाते का कैशबुक अंकन तथा माह के अन्त में खाता दैनिक कार्यवाही रजिस्टर एवं कैशबुक में समायोजन का उत्तरदायित्व पंचायत सचिव का होगा! खाता खोलने के दौरान यूनियन बैंक की शाखा पुरानी बाजार के प्रबन्धक उमेश सिंह, बैंक अधिकारी सभाजीत तिवारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रणजीत सिंह सभी पंचायत सचिव तथा ग्राम प्रधान मौजूद रहे!

## सटर चाड कर दो दुकानों में एक लाख बीस हजार की हुई चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बुधवार की रात चोरों ने एक ही रात में दो दुकानों को खंगालकर एक लाख बीस हजार के सामान पर किया हाथ साफ। चोरी की सूचना के दो घण्टे बाद पहुची पुलिस बाजार वासियो में आक्रोश। सरकी बाजार स्थिति माँ डीजे से एक आहूजा मशीन और दो मिक्सर मशीन, एक इटोप्लाइजर व चार हजार कैस इसी प्रकार पड़ोस की दुकान आर बीएस खाद वीज भंडार दो बोरी श्रीराम गेंहू व वेट मशीन पांच हजार नगदी पर चोर हाथ साफ कर फरार हो गए, पीड़ितों द्वारा चोरी की तहरीर पुलिस को दी गई पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

# 34 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी में आयोजित हुआ पुलिस झंडा दिवस समारोह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बुधवार को 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी के 'क्वार्टर गार्द' पर पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर उपसेनानायक विनोद कुमार द्वारा पुलिस झंडे को सम्मान पूर्वक सलामी दी गई।इस अवसर पर आयोजित समारोह में उप सेनानायक ने झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा निर्गत संदेश को पढ़कर सुनाया।वही इसी कड़ी में उन्होंने वहां पर मौजूद सभी कर्मियों को अवगत कराया कि आज ही के दिन दिनांक 23 नवंबर 1952 को सबसे पहले यह झंडा भारत के प्रथमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरूप प्रदान किया गया था, जो हम सबके लिए बड़े गौरव की बात है।इस कार्यक्रम के अंत में उपसेनानायक विनोद कुमार द्वारा सभी उपस्थित पीएसी कर्मियों को झंडा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर



सहायक सेनानायक नरेश सिंह यादव, सैन्य सहायक शिवनारायण, शिविर पाल देव पाल, सूबेदार मेजर विन्ध्यवासिनी पाण्डेय व वाहिनी के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## आर्य समाज का विवाह प्रमाणपत्र शादी की वैधता का सबूत नहीं

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि विवाह पंजीकरण वैध विवाह का सबूत नहीं है। केवल इसे साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि आर्य समाज द्वारा जारी विवाह प्रमाणपत्र का कोई वैधानिक प्रभाव नहीं है। शादी परंपरागत दोनों पक्षों की सहमति समारोह में होनी चाहिए। जिसमें सप्तपदी की रस्म पूरी हुई हो। कोर्ट ने कहा कि जब शादी ही वैध नहीं तो हिंदू विवाह अधिनियम की धारा नौ के तहत विवाह पुनर्स्थापन की अर्जी परिवार अदालत द्वारा स्वीकार न करना कानूनन सही है। शादी के वैध सबूत के बगैर धारा नौ की अर्जी मंजूर नहीं की जा सकती। कोर्ट ने परिवार अदालत सहारनपुर की धारा नौ की अर्जी खारिज करने के फैसले के खिलाफ प्रथम अपील खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति एसपी केसरवानी तथा न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार की खंडपीठ ने आशीष मौर्य की अपील पर दिया है। इसका कहना था कि अनामिका धीमान उसकी पत्नी है। विवाह पुनर्स्थापित करने की परिवार अदालत में अर्जी दी। बाद में समझौते के आधार पर वापस ले ली। किंतु कुछ दिन बाद दुबारा अर्जी दाखिल की। कथित पत्नी ने शादी



होने से इंकार कर दिया। कहा, झूठी शादी की गई है। उसे ब्लैकमेल करने के लिए आर्य समाज से विवाह प्रमाणपत्र लिया गया है। इसी मामले में थाना सदर बाजार, सहारनपुर में एफ आईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस ने चार्जशीट भी दाखिल कर दी है। कोर्ट ने कहा कि सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश11 नियम –दो के तहत बिना शादी हुए पुनर्स्थापन अर्जी दाखिल की जा सकती है। ऐसी अर्जी प्रतिबंधित मानने के परिवार अदालत के फैसले को हाईकोर्ट ने सही माना और कहा आर्य समाज का विवाह प्रमाणपत्र शादी की वैधता का सबूत नहीं है।

## शादी से 15 दिन पहले महिला सीआरपीएफ सिपाही की डेंगू से मौत : तिरंगे में लिपटा शव देख मंगेतर हुआ अचेत

प्रयागराज ब्यूरो : घर बसाने की खुशियों और जेहनोदिल में पलते उम्मीदों के हजार सपनों के बीच डेंगू के डंक ने मंगेतर की उम्मीदों की रोशनी हमेशा के लिए बुझा दी। सीआरपीएफ में दो साल पहले तैनात हुई इस रोशनी की मौत से लड़ने की कहानी रोंगटे खड़े कर देने वाली है। दिल्ली के अस्पताल में मौत के बाद तिरंगे में लिपटा उसका शव घर आया तो परिजनों में तो कोहराम मचा ही, मंगेतर को काठ मार गया। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे ईश्वरी सिंह गांव निवासी अनिल सिंह की पुत्री रोशनी सिंह (25) का चयन दो साल पहले सीआरपीएफ में सिपाही के पद पर हुआ था। दिल्ली में तैनात रोशनी को हफ्ते भर पहले तेज बुखार आया तो उसने जांच कराई। जांच में डेंगू की पुष्टि के बाद उसको दिल्ली में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान सोमवार की देर शाम उसकी सांसें थम गईं। मंगलवार की दोपहर दो बजे सीआरपीएफ जवान रोशनी का तिरंगे में लिपटा शव उसके गांव पहुंचा, तो परिजन और रिश्तेदार बिलख पड़े। मां सुषमा सिंह और पिता अनिल सिंह के साथ ही इकलौते भाई अंकित के आंकों की लोर थमने का नाम नहीं ले रही थी। रोशनी की मौत की खबर मिलते ही मंगेतर अनुज भी उसके गांव पहुंच गया। रोशनी का तिरंगे में लिपटा शव देख वह गश खाकर बेहोश हो गया। इससे कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। शव लेकर आने वाले सीआरपीएफ जवानों और पुलिस कर्मियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद गार्ड ऑफ ऑनर के साथ गांव के किनारे बाग में रोशनी के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना की



जानकारी मिलने पर ग्रामीणों के साथ ही आसपास के लोगों ने गांव पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढांढस बंधाया। देर शाम तक गांव में शोक संवेदना जताने वालों का तांता लगा रहा। टूट गए सपने, बिखर गईं खुशियां सीआरपीएफ की जवान रोशनी सिंह की मौत हाथ पीले होने से महज पखवारे भर पहले हुई। अगले महीने सात दिसंबर को अमेठी जिले के बछिलाही गांव निवासी अनुज प्रताप सिंह के साथ वह सात फेरे लेने वाली थी। पांच दिन बाद ही 27 नवंबर को रोशनी का तिलक चढ़ाने की तैयारी थी। इस बीच उसको डेंगू होने की खबर आई तो परिजन हैरान हो गए। लेकिन, घरवालों को पूरा भरोसा था कि तिलक से पहले ही रोशनी पूरी तरह से स्वस्थ हो जाएगी। अचानक रोशनी की मौत की खबर आई तो सारी खुशियां मातम में बदल गईं। परिजनों को भरोसा ही नहीं हो रहा था कि उसकी लाडली रोशनी अब हमेशा के लिए दुनिया छोड़कर जा चुकी है।

## भूमि विवाद में तड़तड़ाईं गोलियां : एक घायल

प्रयागराज ब्यूरो : करछना थाना क्षेत्र के बबुरा गांव में भूमि विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान एक तरफ से फायरिंग कर दी गई। घटना में एक राहगीर को गोली लग गई। आननफानन उसे अस्पताल में भेजा गया है। सूचना पाकर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई है। आरोपी अपनी लाइसेंसी बंदूक के साथ किसी के घर में जाकर छिप गया है। पुलिस उसे खोज रही है। बबुरा गांव में रंगनाथ यादव और श्याम नारायण यादव दोनों एक ही परिवार के हैं। दोनों पक्षों के बीच भूमि विवाद को लेकर मारपीट हो गई। देखते ही देखते एक तरफ से फायरिंग होने लगी। गोली चलने से गांव में हड़कंप मच गया। इस दौरान उधर से गुजर रहे एक राहगीर को गोली लग गई। वह भी इसी गांव का बताया जा रहा है। गोली उसके हाथ में लगी है। उसे



अस्पताल भेजा गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के चलते गांव में पुलिस पहंच गई। बताया जा रहा है कि युवक ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग की है। पुलिस के पहुंचने के बाद वह बंदूक के साथ किसी के घर में छिप गया है। पुलिस उसकी खोजबीन में घरों की तलाशी ले रही है।

# किसानों को रसीद नही देने वाले तारुन के प्रभारी गोदाम को डीडी कृषि ने किया सस्पेंड

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) किसानों के साथ लापरवाही करने व अधिकारियो के बीच गुमराह फैलाने वाले के खिलाफ उप निदेशक कृषि डा एस के त्रिपाठी ने दिखाया कड़ा रुख, किया सस्पेंड। राजकीय कृषि बीज भण्डार तारून निरीक्षण के समय प्रेम प्रकाश प्राविधिक सहायक ग्रुप सी0 / प्रभारी राजकीय कृषि बीज भण्डार तारून द्वारा बीज भण्डार पर रेट बोर्ड नही लगा है, कृषकों को निवेश क्रय की रसीद नही दी जा रही थी पूछने पर बताया गया कि DAO द्वारा मना किया गया उक्त सम्बन्ध में जिला कृषि अधिकारी से वार्ता कराई गयी जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा ऐसा कोई निर्देश नहीं दिया गया है, तत्समय कुछ कृषक एवं स्टाफ भी मौजूद थे। इससे प्रतीत होता है कि श्री प्रेम प्रकाश द्वारा अपने उच्चाधिकारियों को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे इनकी सत्यनिष्ठा भी संदिग्ध प्रतीत होती है। इसके पूर्व भी कई कृषकों द्वारा अधिक मूल्य पर बीज बिक्री की शिकायत अधोहस्ताक्षरी से की गयी है और इनको लगातार मौखिक /लिखित रूप से मेरे द्वारा सचेत भी किया जाता रहा है फिर भी इनकी आदत में कोई सुधार नहीं हो रहा है और आप राजकीय कार्यों के प्रति घोर लापरवाह कर्मचारी है।जिसके कारण प्रेम प्रकाश प्राविधिक सहायक ग्रुप सी0 / बीज भण्डार प्रभारी तारून को राजकीय कार्यों में घोर लापरवाही बरतने उच्चाधिकारियों को भ्रमित करने तथा किसानों को क्रय रसीद न देने व मनमानी ढंग से कार्य करने के कारण तत्कालिक प्रभाव से निलंबित करते हुए उक्त संभाग बीकापुर कार्यालय से सम्बद्ध किया जाता है। निलंबन अवधि में निलंबन भत्ता आदि नियमानुसार देय होगा।

## चाकू की नोंक पर पढ़ाया निकाहः श्याम बन सलमान ने लड़की को प्यार में फंसाया : सहेली ने कराई थी दोनों की दोस्ती

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में पारा इलाके में रहने वाले सलमान ने अपना नाम बदलकर श्याम रखा। वहीं इलाके की एक किशोरी को अपने प्रेम जाल में फंसाया। फिर उसे अगवा कर लिया। 10 दिन पहले किशोरी को अगवा कर सलमान ने हरियाणा के एक मकान में बंधक बनाकर रखा। जहां उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। वहीं चाकू की नोंक पर उससे निकाह भी पढ़ा लिया। इधर पारा थाने में परिजनों ने अहपहरण का केस दर्ज कराया। सर्विलांस सेल की टीम ने आरोपी के हरियाणा में होने की पुष्टि पर दबिश दी। जहां से किशोरी को मुक्त कराया। वहीं श्याम उर्फ सलमान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक पारा दधिबल तिवारी के मुताबिक पुलिस गिरफ्त में आया सलमान बजरंग बिहार का रहने वाला है। वहीं पास की रहने वाली किशोरी से उसने एक युवती के जरिए दोस्ती की। दोस्ती करते समय सलमान ने खुद का परिचय श्याम के रूप में दिया। ताकि किशोरी गैर संप्रदाय के होने के कारण दोस्ती से इनकार न करें। धीरे-धीरे उससे बातचीत करना शुरू किया। फिर उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया। मिलने के लिए बुलाया, अगवा कर किया धर्म परिवर्तन किशोरी ने पुलिस को बताया कि एक सप्ताह पहले सलमान उर्फ श्याम ने उसे मिलने के लिए पारा इलाके में बुलाया। जहां किशोरी पहुंची, तो सलमान उससे मुलाकात की। फिर किशोरी को धमकी देने लगा। डरा-धमकाकर सलमान किशोरी को अगवा कर लिया। उसे लेकर हरियाणा चला गया। जहां एक मकान में बंधक बना लिया। उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता था। उसने इस दौरान एक दिन किशोरी के गले पर चाकू रखा और उसका धर्म परिवर्तन



कराया। फिर निकाह किया। वहीं उसे बतौर पत्नी रखे रहा। वहीं परिजन किशोरी की तलाश लखनऊ में अपने कई परिचितों व रिश्तेदारों के घर पर किया। लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इस पर तीन दिन बाद परिजन पारा थाने पहुंचे। अपहरण का संदेह जाहिर करते हुए मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने तत्काल सर्विलांस की टीम को अलर्ट कर दिया। आरोपी के नंबर को ट्रैक करना शुरू किया। आरोपी के मोबाइल की लोकेशन हरियाणा में मिली। जिस पर पुलिस टीम का गठन कर दबिश दी गई। आरोपी के चंगुल से किशोरी को मुक्त कराया। किशोरी ने बयान में धर्म परिवर्तन व जबरन निकाह कराने की बात कही है। पुलिस ने आरोपी के पास से कई जाली दस्तावेज भी बरामद किए हैं। सहेली ने कराई थी दोस्ती, वह भी थी अंजान पुलिस के मुताबिक किशोरी के घर के पास ही उसकी सहेली रहती थी। दोनों के बीच अच्छी दोस्ती होने का फायदा आरोपी सलमान उर्फ श्याम ने उठाया। सलमान किशोरी की सहेली से भी श्याम बनकर ही मिला। सलमान के बातचीत व व्यवहार के कारण सहेली को भी संदेह नहीं हुआ। उसने किशोरी से दोस्ती करा दी। अब हकीकत सामने आने के बाद से किशोरी की सहेली भी सदमे है।

## भाजपा प्रयोग न करे : वार्ष्णेय समाज को दे मेयर का टिकट

दिल्ली ब्यूरो : अखिल भारतीय बारहसैनी वैश्य महासभा की एक बैठक बुधवार को श्री वार्ष्णेय मंदिर अलीगढ़ में हुई। जहां राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुशील वार्ष्णेय ने वार्ष्णेय समाज के लोगों से एकजुटता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ को वार्ष्णेय समाज की राजधानी कहा जाता है। उन्होंने मांग रखी कि अगर सामान्य व्यक्ति या महिला के लिए महापौर की सीट रहती है तो वार्ष्णेय समाज के व्यक्ति को ही टिकट देना चाहिए। इस समाज ने हमेशा भाजपा को मजबूत करने का काम किया है। लगातार दो बार से इस समाज के विधायक निर्वाचित हुए हैं। तीन बार महापौर पद पर भाजपा के लिए जीता है। भाजपा का वर्ष 2017 में हुए महापौर के चुनाव का प्रयोग असफल साबित हुआ था। इसलिए इस बार भाजपा को किसी दूसरे समाज के व्यक्ति को टिकट देकर जोखिम नहीं उठाना चाहिए। राष्ट्रीय महामंत्री योगेश ने बताया कि समाज की सियासत के आधार स्तंभ केके नवमान जैसी बड़ी हस्ती ने इमरजेंसी से लेकर रामजन्म भूमि आंदोलन तक संघर्ष किया था। वह तीन बार विधायक निर्वाचित हुए थे। इसलिए वार्ष्णेय समाज की सियासत में हिस्सेदारी जरुरी है। महासभा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु वार्ष्णेय उर्फ मैय्या ने कहा कि वार्ष्णेय समाज ने शहर को विकसित कराने एवं सांप्रदायिक सौहार्द के लिए बहुत सी कुर्बानियां दी हैं। बैठक में गौरव गुप्ता, राहुल गुप्ता, आकाशदीप आदि मौजूद रहे।

## संदीप हत्याकांड के आरोपी परिवार की महिला से दुष्कर्म

दिल्ली ब्यूरो : एटा अलीगंज के सीमेंट सप्लायर व लॉजिस्टिक कारोबारी संदीप गुप्ता हत्याकांड से जुड़े 13 में से एक आरोपी परिवार की महिला से दुष्कर्म की वारदात हुई है। पीड़ित महिला ने सीसीटीवी फुटेज के साक्ष्य के आधार पर पड़ोसी व्यापारी को आरोपी बनाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। बन्नादेवी पुलिस ने मुकदमे के आधार पर आरोपी व्यापारी को बुधवार को जेल भेज दिया। बन्नादेवी क्षेत्र की रहने वाली महिला की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप है कि मूल रूप से नगर निगम के पास रहने वाले व्यापारी का कई वर्ष से उनके घर के सामने मकान बन रहा है। इसलिए उसका उनके घर आना जाना शुरू हुआ। इसी दौरान कुछ समय पहले महिला को रसोई दिखाने के बहाने से घर में दबोच लिया और साथी ने पिस्टल तान दी और खुद आरोपी व्यापारी ने दुष्कर्म किया। साथ में वीडियो बनाकर उससे ब्लैकमेल करने लगा। फिर जब मन आया, इसी वारदात को अंजाम दिया। एक बार अप्राकृतिक संबंध भी बनाए। डरा धमकाकर कई किश्त में दस लाख रुपये भी ले लिए। जब यह घटना पति को बताई तो वह बीमार हो गए और उनका लंबे समय तक इलाज चला। महिला के अनुसार उसके दो बेटों व एक बेटी की शादी हो चुकी है। वह पति साथ अकेली रहती है। आरोपी लगातार डरा धमका रहा है। फिर से ब्लैकमेल करते हुए रुपये मांग रहा है। तब जाकर मजबूरी में मामले में एसएसपी से शिकायत की



गई और साथ में आरोपी के घर में आने-जाने के सीसीटीवी फुटेज भी साक्ष्य के रूप में दिए गए। सीओ द्वितीय शिवप्रताप सिंह के अनुसार इस घटना के संबंध में कौशल उर्फ दीपक यादव व उसके साथी रंजन यादव को आरोपी बनाया गया है। जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर कौशल को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेजा गया है। बाकी साक्ष्यों के आधार पर मामले में विवेचना जारी है। इधर, अंदरखाने खबर है कि पिछले दिनों पीड़ित महिला के परिवार के पुरुष सदस्य संदीप गुप्ता हत्याकांड में जेल गए थे। तभी से मदद के नाम पर आरोपी इस परिवार के साथ खड़ा था। बता दें कि इससे पहले दीपक का नाम कोरोना काल में ऑक्सीजन कांड में भी सुर्खियों में रहा था। उस समय ऑक्सीजन प्लांट मालकिन की शिकायत पर एसीएम ने दीपक को नोटिस दिया था। बाद में जांच के बाद दीपक आदि को क्लीनचिट मिली थी। पिछले दिनों ऑक्सीजन प्लांट मालकिन डा. आस्था की उसके पति ने हत्या कर दी।

## अतिक्रमणकारियों पर यातायात पुलिस व नगर निगम कर्मियों ने कसा शिकंजा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) कोतवाली नगर क्षेत्र में यातायात माह दिवस के तहत मंगलवार की शाम कोतवाली नगर क्षेत्र में सीओ यातायात प्रमोद कुमार यादव के नेतृत्व में निरीक्षक यातायात आशुतोष शुक्ला ने नगर निगम अयोध्या के कर्मियों के साथ अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसा।बुधवार की देर शाम कोतवाली नगर क्षेत्र में यातायात पुलिस ने नगर निगम की टीम के साथ कसाबबाड़ा से पुष्पराज की तरफ रोड के किनारे काफी दिनों से अवैध रूप से अतिक्रमण किये अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसा। इस मौके पर उन्होंने वहां पर अतिक्रमण किये अतिक्रमणकारियों को हटाया।मंगलवार की शाम कसाबबाड़ा से पुष्पराज चौराहा से लेकर अतिक्रमण हटाया।वही वहा पर काफी दिनों से मार्ग के दोनों ओर अतिक्रमण किए अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्यवाही किया। वही दुकान,कांप्लेक्स क्लीनिक, हॉस्पिटल सहित अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के सामने अजीबोगरीब ढंग से खड़ी सड़क पर अतिक्रमण किए वाहनों का चालान किया।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणधीन अंग्रेजी माध्यम परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा एक से पांच में शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद स्तर पर संपर्क फाउंडेशन के समन्वय से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में दिनांक 22 नवंबर व 23 नवंबर को




आयोजित किया गया।उक्त प्रशिक्षण में प्राचार्य श्रीमती संध्या श्रीवास्तव ने कक्षा एक से पांच के अध्ययनरत बच्चों में कक्षानुरूप दक्षतायें प्राप्त कराई जा सके इसके साथ ही साथ अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के उपयोगार्थ उपलब्ध कराए गए अंग्रेजी किट का कुशलतम प्रयोग सुनिश्चित किया जा सके। उक्त प्रशिक्षण में प्रथम चरण में ब्लॉक सोहावल एवं मसौधा के शिक्षक उपस्थित रहे।प्रशिक्षण के दौरान दिवस में प्राचार्य डायट ने उपस्थित शिक्षकों से संवाद किया तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं शिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण से लाभान्वित होकर अंग्रेजी किट का उपयोग अपने-अपने विद्यालयों में कराये।प्रशिक्षण के अंत में प्राचार्य ने उपस्थित शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किया।इस मौके पर प्रशिक्षण संपर्क फाउंडेशन से अनूप पांडे एवं मुकेश राय संदर्भदाता द्वारा पद प्रदान किया गया।इस प्रशिक्षण में लाल चंद्र वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती कांति वर्मा प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती मिथिलेश सिंह प्रवक्ता एवं अन्य कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## परिजनों के आरोप के मुताबिक एएनएम की लापरवाही से प्रसूता की मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बीकापुर कोतवाली के सहजपुर मढिया निवासी 25 वर्षीय प्रसूता की मौत एक बच्चे को जन्म देने के कुछ घंटों बाद ही मौत हो गई। मृतका के परिजनों के मुताबिक बताया जाता है कि प्रसूता गीता देवी पत्नी अशोक कुमार कोरी को 11 बजे के आसपास दर्द होने पर एएनएम सेंटर बनकट पर लाकर भर्ती कराया गया।जहा पर एएनएम के प्रयास से प्रसूता को एक बेटा पैदा हुआ।लेकिन उसके शरीर से रक्तस्राव नही रुकी।परिजन व एएनएम वही पर उसकी दवा इलाज करवाते रहे।मृतका का भतीजा शुभम ने बताया की अचानक चार बजे जब उसकी चाची बेहोश हुई तो एक निजी डाक्टर को बुलाया तो वह भी कुछ नही बताया उसके बाद एएनएम ने सीएचसी बीकापुर भेजा तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।सीएचसी पहुंचने से पहले ही इमरजेंसी चिकित्सक ने बताया कि अस्पताल लाने से पूर्व उसकी मौत हो चुकी थी। इस संबंध में ग्राम प्रधान बजरंग प्रसाद ने बताया की स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से एक गरीब महिला की मौत हुई है,इसकी शिकायत की जाएगी।वही पैदा हुआ बेटा जीवित और स्वस्थ्य है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार-पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।